ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 04-03-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-03-04 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-03-05	2022-03-06	2022-03-07	2022-03-08	2022-03-09
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	2.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	17.0	18.0	19.0	17.0	19.0
न्यूनतम तापमान(से.)	5.0	6.0	7.0	6.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	60	60	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	330	320	320	120	300
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	7	3	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 7 मार्च को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0 से 19.0 व 5.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 09 से 15 मार्च के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 7 मार्च को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	किसान भाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान मे रखते हुए फसलो मे सिंचाई करें। गेहूँ की फसल मे पीला रतुवा रोग का प्रकोप दिखाई पड़ने पर प्रोपीकोनाजोल 25 ई0 सी0 का 1 मिली/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें। गेहूँ में माहू का प्रकोप होने पर, थायोमेथेक्साम 25 डब्लू एस जी के 100 मिली/हैक्टर का या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल के 140 मिली/हैक्टर का 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। 15 दिन पर दूसरा छिड़काव करें। छिड़काव सुबह या शाम उस समय करें जबकि बारिश या तेज हवा नहीं चल रही हों।
जौ	किसान भाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान मे रखते हुए फसलो मे सिंचाई करें। झुलसा रोग का प्रकोप होने पर 50 ग्राम /15 लीटर पानी की दर से 1 नाली में उाले। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
सरसों	सरसों में माहुं का अधिक प्रकोप होने पर मिथाइल-ओ-डिमेटान 25 ई.सी. का 1.5 लीटर/है0 या मैलाथियान 50 ईसी का 2.0 मिली/है0 की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च, के बीज की मे नर्सरी मे बुवाई करें।
बैंगन	बैगन की फसल मे निराई-गुडाई करे।
सेब	अधिक फल उत्पादन हेतू मधुमक्खियों के बक्सें अपने खेतो मे रखे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	भैंस के 1-4 माह के नवजात बच्चों की आहार नलिका में टाक्सोकैराविटूलूरम (केचुआँ/पटेरा) नामक परजीवी पाए जाते है। इसे पटेरा रोग भी कहते है। पटेरा रोग से बचाव हेतु प्रसव होने के 10 दिन पश्चात् 10-15सी0सी0 नीम का तेल नवजात को पिला दें। तदुपरांत 10 दिन पश्चात् पुनः 10-15 सी0सी0 नीम का तेल पिला दें। बथुए का तेल इसका रामबाण इलाज है।